DAY — 02 SEAT NUMBER

| 2018 | II | 22 | 1100 | J-202 | (II) |
|---|---|---|---|---|---|

# HINDI (04)

Time : 3 Hrs. (6 Pages) Max. Marks : 80

***सूचना : उत्तरों में शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।***

**प्र. १. (अ)** निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए : (४) [८]

(१) जगत के सब रहस्यों का द्वार ------ है।

(अ) प्रेम (ब) दुख (क) ईर्ष्या

(२) शनि के वलयों की संख्या अब ------ पर पहुँच गई है।

(अ) पाँच (ब) छह (क) सात

(३) शांतिनिकेतन छोड़कर कुछ काल गुरुदेव ------ में रहे।

(अ) कोलकाता (ब) कलानिकेतन (क) श्रीनिकेतन

(४) त्यागी जो काफी बड़े ------ हैं।

(अ) आदमी (ब) नेता (क) अफ़सर

**(आ)** निम्नलिखित गद्यांशों में से कोई एक गद्यांश पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (४)

(क) "सोना भी इसी प्रकार अचानक आई थी, परंतु वह तब तक अपनी शैशवावस्था भी पार नहीं कर सकी थी। सुनहरे रंग के रेशमी लच्छों की गाँठ के समान उसका कोमल, लघु शरीर था।"

**प्रश्न :**

(१) उपर्युक्त वर्णन किस पाठ से लिया गया है और किससे संबंधित है?

(२) 'सोना' किसका नाम है?



Previous Pathshala

(३) सोना का शरीर कैसा था?

(४) उपर्युक्त गद्यांश में किसके सौंदर्य का वर्णन किया गया है?

(ख) "शांभा साहब कल रात यह भेड़िया मेरे जंगलों में पेड़ काटता पाया गया। आपके हुक्म से लोग हजारों पेड़ लगा रहे हैं, लेकिन यह पापी उन पेड़ों को काटकर बेच देता है।"

**प्रश्न :**

(१) उपर्युक्त अवतरण किस एकांकी में से लिया गया है और उसके लेखक कौन हैं?

(२) प्रस्तुत अवतरण किसने किससे कहा है?

(३) किसके हुक्म से लोग हजारों पेड़ लगा रहे हैं?

(४) पेड़ क्यों काटे जाते हैं?

**प्र. २. (अ)** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक उत्तर लगभग ८० शब्दों में हो : **[१४]** (८)

(१) जीवन में रसायनों का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

(२) कार्यहीन मनुष्यों का मन शैतान का निवास स्थान होता है, पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(३) विवेकानंद जी ने स्वदेश भक्ति के संबंध में कौन-सा आदर्श प्रस्तुत किया है?

(४) सत्यदेव बाबू के घर का दरवाजा न खुलने पर यदु मिस्त्री ने क्या किया?

**(आ)** निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग १२० शब्दों में लिखिए : (६)

(१) चित्रगुप्त की परेशानियों को रेखांकित कीजिए।

(२) सयानी बुआ का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(३) 'एक मुट्ठी छाँव' कहानी में चित्रित परिवार की सहृदयता का परिचय दीजिए।

**प्र. ३. (अ)** निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए : (४) **[८]**

(१) प्रभुजी तुम ------ हम बाती।

(अ) तेल (ब) दीपक (क) ज्योति

(२) बचाना है नदियों को ------ हो जाने से।

(अ) गंदा (ब) नाला (क) मैला



Previous Pathshala

(३) उठो कि धोबी पहुँच गया है ____ पर।

(अ) घाट (ब) घर (क) नदी

(४) बहुत याद आता है, मेरा छोटा-सा -------।

(अ) देहात (ब) गाँव (क) ग्राम

(आ) निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (४)

(च) "जो तोको काँटा बुवै, ताहि बोय तू फूल।
तोहि फूल को फूल हैं, वाको हैं तिरसूल।।"

प्रश्न :

(१) प्रस्तुत दोहा किस संत कवि का है?

(२) इस दोहे में क्या बोने को कहा है?

(३) हमारे लिए काँटा बोने वाले के लिए फूल बोने पर हमें क्या मिलेगा?

(४) काँटा बोने पर काँटे से क्या मिलेगा?

(छ) मेरी हार देश की जय हो,
स्वार्थभाव का क्षण-क्षण क्षय हो,
जल-जलकर जीवन दूँ जग को,
बस इतना सम्मान चाहिए।

प्रश्न :

(१) प्रस्तुत पद्यांश किस कविता का है?

(२) किसकी जय हो?

(३) किसका क्षय होना चाहिए?

(४) किस तरह का सम्मान चाहिए?

प्र. ४. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग ६० शब्दों में हो : [१०] (६)

(१) रहीम ने प्रेम की गली को साँकरी क्यों कहा है?

(२) वृक्ष हमेशा किस तरह चौकन्ना रहता है?



Previous Pathshala

(३) 'वह तोड़ती पत्थर' कविता में दीन स्त्री की वेदना को किस प्रकार उजागर किया है?

(४) गाँव का धार्मिक माहौल किस प्रकार का था? 'बहुत याद आता है' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**(आ)** निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग ८० शब्दों में लिखिए : (४)

(१) 'तुकड़ोजी के पद' के आधार पर मित्र और शत्रु के भेद को स्पष्ट कीजिए।

(२) रैदास जी ने प्रभु के प्रति अपना भक्तिभाव किन दृष्टांतों द्वारा स्पष्ट किया है?

(३) 'बुनाई का गीत' कविता का आशय स्पष्ट कीजिए।

**प्र. ५. (अ)** निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग ८० शब्दों में लिखिए : (४) [१०]

(१) 'अहिंसा एक विज्ञान है' इस विचार का पाठ के आधार पर विवेचन कीजिए।

(२) आदर्श विद्यार्थी के कर्तव्य भीमराव के छात्र जीवन में कैसे दिखाई देते हैं?

(३) जापान में हिंदी का प्रभाव व प्रसार किन प्रसंगों में दिखाई देता है?

**(आ)** निम्नलिखित विषयों में से किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। प्रत्येक टिप्पणी लगभग ६० शब्दों में हो : (६)

(१) अहिंसा के सिद्धांत।

(२) मदर टेरेसा : मानवता की सच्ची सेविका।

(३) लेखक का मित्र और फाउंटेनपेन।

(४) सरोवर में हंस हंसिनी की बातें।

**अथवा**

**(आ)** निम्नलिखित में से किसी एक पाठ का सारांश लगभग १२० शब्दों में लिखिए :

(१) महान विभूतियाँ।

(२) ज्ञान साधना।

**प्र. ६. (अ)** निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों का रचना के अनुसार भेद पहचानकर लिखिए : [१०] (२)

(१) उसे अब काम नहीं करना पड़ेगा और मजे में दिन काटने का अवसर मिलेगा।

(२) दुर्भाग्य से वायु प्रदूषण एक घरेलू शब्द बन गया है।

(३) डॉक्टर ने कहा कि माँ का साथ रहना ठीक नहीं होगा।



Previous Pathshala

(आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों का कोष्टक में दी गई सूचना के अनुसार काल परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए : (२)

(१) शनि सूर्य का एक चक्कर लगाता है।
(अपूर्ण वर्तमान काल में लिखिए)

(२) अपने पड़ोसी से मुझे एक हिरन मिलता है।
(पूर्ण भूतकाल में लिखिए)

(३) आश्रम के अधिकांश लोग गए थे।
(सामान्य भविष्य काल में लिखिए)

(इ) (i) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द का भाववाचक संज्ञारूप लिखिए : (१)

(अ) सच्चा
(ब) व्याकुल

(ii) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द का विशेषणरूप लिखिए : (१)

(अ) पुराण
(ब) संयम

(ई) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : (२)

(१) डींग हाँकना।
(२) पैरों पर लोटना।
(३) हिदायत देना।
(४) दिमाग सातवें आसमान पर होना।

(उ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके फिर से लिखिए : (२)

(१) मिथेन पाणी की भूमिका अदा करती है।
(२) जिवन जोखिम से भरा है।
(३) नर्स कहीं चला गई था।

प्र. ७. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग २०० शब्दों में निबंध लिखिए : [१०]

(१) कंप्यूटर एक वरदान
(२) एक घायल सैनिक की आत्मकथा
(३) भ्रष्टाचार के बढ़ते कदम
(४) यदि समाचार पत्र न होते......
(५) कल करे सो आज कर.....



Previous Pathshala

प्र. ८. (अ) निम्नलिखित अपठित गद्यखंड को ध्यान से पढ़िए और उसपर आकलन हेतु पाँच ऐसे प्रश्न तैयार कीजिए, जिनके उत्तर मात्र एक एक वाक्य में हों। [१०] (५)

स्वार्थ और अन्याय की प्रतिस्पर्धा आज सर्वव्यापी हो गई है। इसी सिद्धांत पर अनेक देशों की राजनीति चलती है। सच्चा सुधार तो प्रेम-धर्म और पड़ोसी-धर्म में ही है। हमें श्रद्धापूर्वक अपने अंदर इसी पड़ोसी-धर्म का विकास करना चाहिए। जो सज्जनता दिखलाते हों उनके साथ मैत्री और जो दुर्जन बन गए हों उनके साथ असहयोग करना, यही प्रेम-धर्म का नियम है। प्रेम-धर्म सहानुभूति रखता है, सहायता देता है, परंतु दीन बनकर सहायता की अपेक्षा नहीं करता। प्रेम-धर्म निर्भय होता है, इसलिए वह अमर्यादित है। हम जिससे प्रेम करते हैं यदि उसकी शक्ति बढ़ती है तो हमें भय नहीं होता। हमारा मित्र जितना निर्बल होगा उतने ही हम कमजोर माने जाएँगे।

**अथवा**

उपर्युक्त परिच्छेद का एक तिहाई (१/३) शब्दों में सार लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए।

(ब) निम्नलिखित विषय पर पत्र का नमूना तैयार कीजिए : (५)

प्रकाश / प्राजक्ता पाटील, १०५ स्वामी विवेकानंद नगर, नागपुर से प्राचार्य विजय आहेर, कनिष्ठ महाविद्यालय, नागपुर को पाँच दिनों की छुट्टी हेतु प्रार्थना पत्र लिखता / लिखती है।

**अथवा**

निम्नलिखित विषय पर एक विज्ञापन तैयार कीजिए :

'नहाने का सौंदर्य साबुन'

◆◆◆



Previous Pathshala